तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 नो एंट्री में घुसी ट्रक ने एक्टिवा को मारी ठोकर मौत, प्रआर व आरक्षक निलंबित






## खबर संक्षेप

### आवाजाही के लिए खुला तान नदी ब्रिज, किया गया मरम्मत कार्य

**कोरबा।** कटघोरा से अंबिकापुर के बीच यात्रा करने वाले लोगों के लिए राहत की खबर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के कटघोरा-शिवनगर खंड पर गुरसियाँ स्थित तान नदी ब्रिज को मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद आम यातायात के लिए पुनः खोल दिया है। परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बिलासपुर के परियोजना निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए ब्रिज की आवश्यक संरचनात्मक मरम्मत रिकॉर्ड समय में पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही इस मार्ग पर यातायात पुनः पूर्ण क्षमता के साथ सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। पुल की रेलिंग के बचे कार्य को कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य मरम्मत कार्य पूरा होने से कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग पर आवागमन सामान्य हो गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा भारी वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि एनएचएआई सुरक्षित, निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली सड़क अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### प्रवेश के लिए एनसीडीसी और साडा कन्या जा रहे छात्राएं

# ओबीसी कन्या छात्रावास शिफ्ट होगा मिनीमाता कालेज स्थित छात्रावास में



ज्ञापन सौंपते छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुराने और जर्जर हो चुके आश्रम व छात्रावास को डिस्मेंटल कर उनकी जगह नए भवन बनाने का काम शुरु किया जाएगा। इसी कड़ी में शहर के मिशन रोड स्थित ओबीसी कन्या छात्रावास को भी मिनीमाता गर्ल्स कालेज के बगल में संचालित कन्या छात्रावास में शिफ़्ट करने की तैयारी चल रही है। यहां की छात्राएं साडा कन्या और एनसीडीसी स्कूल में प्रवेश के लिए चक्कर काट रही हैं लेकिन टीसी के अभाव में प्रवेश की प्रक्रिया अटकी हुई है।

जिले में 44 ऐसे आश्रम छात्रावास हैं जो जर्जर हो चुके हैं और उनकी जगह नए भवन का निर्माण किया जाएगा। कुछ छात्रावास को गर्मी के दिनों में मरम्मत कर नए शिक्षण सत्र के लिए तैयार किया गया है। छात्रावास को डिस्मेंटल कर नया भवन बनाने के लिए प्रक्रिया शुरु हो गई है। इसी कड़ी में शहर के मिशन रोड में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के परिसर में संचालित ओबीसी कन्या छात्रावास व आदिवासी कन्या छात्रावास को भी वहां से हटाकर मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के समीप संचालित छात्रावास भवन में शिफ्ट किया जा रहा है। इससे लगभग 50 छात्राएं प्रभावित होंगी। जिनमें 6वीं से लेकर 12वीं तक की छात्राएं शामिल हैं। यहां से शिफ्ट होने के बाद छात्राओं को साडा कन्या व एनसीडीसी हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रवेश कराने हेतु आदिवासी विकास विभाग के निर्देश पर अधीक्षिकाओं ने दोनों स्कूलों के प्राचार्यों से संपर्क भी किया है। जिन्हें प्रवेश के लिए आवेदन तो दे दिए गए हैं लेकिन स्थानांतरण प्रमाण पत्र के बिना प्रवेश होना मुश्किल है। जिसके लिए छात्राओं और उनके अभिभावकों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर हायर सेकेण्डरी स्कूल कोरबा से टीसी दिलाने के लिए मांग की है। अभिभावकों ने बताया कि स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरु हो गई है लेकिन उनके बच्चों को टीसी नहीं मिलने के कारण प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। अभिभावकों ने छात्राओं को टीसी दिलाने की बात कही है। उनका कहना है कि जब कन्या छात्रावास घंटाघर मिनीमाता गर्ल्स कालेज के समीप शिफ्ट किया जा रहा है तो छात्राओं को टीसी क्यों नहीं दी जा रही है। अभिभावकों ने बताया कि टीसी नहीं मिलने की स्थिति पर मजबूरी में मिनीमाता छात्रावास से पुराना कोरबा जाना पड़ेगा जबकि नियम के तहत समीप के स्कूलों में ही प्रवेश दिलाना चाहिए।

### उच्च अधिकारी के निर्देश के बिना नहीं दे सकते टीसी

10वीं की छात्राओं द्वारा टीसी की मांग की गई है। कन्या छात्रावास के कहीं और शिफ्ट होने की अधिकृत जानकारी उन्हें नहीं है। छात्राओं को टीसी उच्च अधिकारी के निर्देश के बिना नहीं दे सकते।

- **इंदु अग्रवाल,** प्राचार्य, हायर सेकेण्डरी स्कूल कोरबा

### 10वीं की छात्राओं को टीसी की समस्या

जिन छात्राओं को टीसी नहीं मिल रही है उनमें 10वीं की छात्राएं शामिल हैं। बोर्ड परीक्षा होने के कारण स्कूल प्रबंधन उन्हें टीसी नहीं दे रहा है। इतना ही नहीं कोरबा हायर सेकेण्डरी स्कूल की प्राचार्य को अधिकृत रुप से छात्रावास को शिफ्ट करने की सूचना भी नहीं दी गई है। स्कूल के प्राचार्य के मुताबिक छात्रावास आदिवासी विकास विभाग के अधीन आते हैं। जबकि स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आते हैं आदिवासी विकास विभाग की ओर से वाट्सअप में एक पत्र दिया गया था शिफ्ट करने जैसी कोई जानकारी नहीं है।

# बारिश में पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की सामने आ रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के पूर्व ग्रामीण अंचलों के दूरस्थ पहुंचविहीन क्षेत्रों की पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भंडारण के निर्देश के बावजूद भंडारण नहीं हो सका है। विभाग को इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। बारिश शुरु हो गई है और ऐसे पहुंचविहीन क्षेत्रों में वाहनों का पहुंचना पहुंचमार्ग विहीन होने के कारण मुश्किल हो गया है। पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड इस मामले में ज्यादा प्रभावित बताए गए हैं।

### खास बात

- बारिश के पहले भंडारण के दिए गए थे निर्देश

पीडीएस दुकानों में खाद्यान्नों का भंडारण बारिश के पूर्व किए जाने के निर्देश हमेशा से दिए जाते रहे हैं लेकिन उसके बावजूद परिवहन ठेकेदार व विभागीय लापरवाही की वजह से जिला मुख्यालय से 60-70 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायतों व उसके आश्रित ग्रामों में समय पर भंडारण नहीं होने की शिकायतें सामने आयी है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा और पाली बड़े ब्लॉक हैं और यहां दूरस्थ ग्रामीण अंचलों की संख्या सर्वाधिक है। पसान क्षेत्र के अमझर जिसकी दूरी जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर है इसी तरह ग्राम पंचायत टेलियामार इसकी दूरी भी 100 किलोमीटर पड़ती है। अमझर जहां चिरमिरी मार्ग में स्थित है वहीं टेलियामार पसान रोड में स्थित है। इन दोनों ही गांवों में भंडारण को लेकर प्रतिवर्ष समस्या आती है। इसी तरह लैंगा ग्राम पंचायत में भी खाद्यान्न भंडारण को लेकर शिकायतें मिली हैं तथा पहाड़ पर स्थित देवमिट्टी और पंडरीपानी जैसे क्षेत्रों के निवासियों को खाद्यान्न के लिए भटकना पड़ता है। वही हाल पाली ब्लॉक के रैनखोल, बारीउमराव, पहाड़गांव जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में भी बारिश के दिनों में भंडारण किया जाना चुनौती भरा काम हो जाता है।



फाइल फोटो

### 3 फर्मों के द्वारा किया जा रहा काम

नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा 3 फर्मों के माध्यम से पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भंडारण का काम कराया जा रहा है। मई महीने तक दूरस्थ पीडीएस दुकानों में जून माह के खाद्यान्न का भी भंडारण किया जाना था। जो सभी दुकानों में नहीं किया जा सका है। हालांकि विभाग का कहना है कि पंचायत मुख्यालय के पीडीएस दुकानों तक भंडारण कार्य किया गया है। ग्राम पंचायतों के द्वारा ही आश्रित ग्रामों में वितरण व्यवस्था देखी जाती है।

# कलेक्टर ने ली जिला सलाहकार समिति व पुनरीक्षा समिति की बैठक

**कोरबा।** जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शासन प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों, ऋण वितरण की प्रगति तथा वार्षिक लक्ष्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए लंबित ऋण प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि शासन की विभिन्न स्वरोजगार एवं आजीविका उन्मुख योजनाओं के अंतर्गत बेरोजगार एवं इच्छुक युवाओं द्वारा प्रस्तुत ऋण आवेदनों का प्राथमिकता से परीक्षण कर अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत किए जाएँ, ताकि युवा स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने बैंकर्स से अपनी कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने स्कूल, तहसील, सीएससी का किया औचक निरीक्षण, बीएमओ को नोटिस जारी

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अपने ग्रामीण अंचल के दौरे के तहत करतला विकासखंड अंतर्गत आने वाले स्कूल कॉलेज और तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर विभागीय कार्यों को सुधारने का निर्देश देते हुए स्कूल में छात्रों से बातचीत की। छात्रों ने स्कूल के व्यवस्था पर जानकारी दी। इसी तरह बरपाली तहसील में कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर त्वरित निराकरण के निर्देश तहसीलदार को दिए। कलेक्टर श्री दुदावत करतला विकासखंड के ग्राम तिलकेजा स्थित पीएम श्री सेजस विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अधोसंरचना, प्रयोगशालाओं एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने सर्वप्रथम विद्यालय की कंप्यूटर लैब का अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध संसाधनों और अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था की जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने न्यायालय कक्ष का निरीक्षण कर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह पताढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को दिए जा रहे नाश्ते एवं भोजन की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में पाई गई अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री दुदावत ने संबंधित बीएमओ दीपक राज को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### परिवहन विभाग ने 10 बस संचालकों से वसूला 53 हजार का जुर्माना




**कोरबा।** जिला परिवहन विभाग द्वारा लगातार स्कूल वाहनों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी जिला परिवहन विभाग की टीम ने सड़क पर दौड़ते स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल बसों में कई तरह की खामियां पायी गई। परिवहन विभाग की टीम ने 10 स्कूल बसों पर जुर्माने की कार्यवाही करते हुए 53 हजार रुपए जुर्माना वसूला है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्कूल बसों में नियमानुसार सीसीटीवी कैमरा और फर्स्ट किट सहित अन्य जरुरी सामान नहीं लगाए गए थे। इसी तरह दीगर जिलों के बसों का संचालन भी जिले में किया जा रहा था यही वजह है कि 10 बस संचालकों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की गई है। परिवहन विभाग के इस कार्यवाही से स्कूल बस संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्यवाही के दौरान जिला परिवहन अधिकारी अतुल असिय्या, निरीक्षक मिथलेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला परिवहन अधिकारी अतुल और असिय्या ने कहा है कि आने वाले दिनों में स्कूल बसों के निरीक्षण की कार्यवाही जारी रहेगी। इस दौरान खामियां पाये जाने पर बस संचालकों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### मनोज बने एल्डरमैन

**कटघोरा।** नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने संभाग के



8 जिलों के सभी नगरीय निकायों के लिए एल्डरमैन की सूची जारी कर दी है। जारी आदेश के तहत कटघोरा नगर पालिका के लिए भी पार्षदों (एल्डरमैन) के नामों की घोषणा की गई है, जिसमें स्थानीय स्तर पर मनोज कुमार नायडू को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। ज्ञात रहे कि मनोज नायडू पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे लगातार क्षेत्र में और पार्टी के जमीनी स्तर पर संगठन के कार्यों को लेकर सक्रिय रहे हैं। कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में मनोज नायडू की शुरू से ही प्रमुख भूमिका रही है। विधानसभा चुनाव से लेकर अन्य स्थानीय स्तर के चुनावों में उनकी मजबूत राजनीतिक पकड़ और कुशल चुनावी प्रबंधन का लाभ हमेशा संगठन को मिलता रहा है।

### प्रेसक्लब बांकीमोंगरा को मिली सौगात

**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा क्षेत्र की पत्रकारिता के इतिहास में सोमवार का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया। लंबे समय से पत्रकारों द्वारा की जा रही स्थायी भवन की मांग अब पूरी होने की दिशा में अग्रसर हो गई है। नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा द्वारा प्रेस क्लब के लिए सामुदायिक भवन निर्माण का विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा, भाजयुमो छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद प्रमोद सोना, वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद श्रीमती प्रमिला सायतोड़े, वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद अश्वनी मिश्रा, पार्षद श्रवण यादव, पार्षद प्रतिनिधि हेम सिंह कंवर, राकेश पटेल, प्रेस क्लब अध्यक्ष निशांत झा, प्रेस क्लब के पदाधिकारी, वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## पेट्रोल डीजल की कटिंग ना हो इसके लिए पंप संचालकों ने कर्मियों को किया था तैनात

# इंडियन आयल के बाहर निकलते ही टैंकर में तैनात कर्मियों के साथ हो रही थी मारपीट, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

गोपालपुर स्थित इंडियन ऑयल में प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में टैंकर पेट्रोल डीजल लेने के लिए पहुंचते हैं और टैंकर की गाड़ी में टैंकर चालक के अलावा पंप में काम करने वाले कर्मचारी भी

**खास बात**

- मंशुबों पर कामयाब नहीं होने पर कर्मियों के साथ करते थे मारपीट

तैनात रहते हैं ताकि उस टैंकर से पेट्रोल की डीजल की चोरी ना हो सके। यह बात उस क्षेत्र में काम करने वाले असामाजिक तत्वों को यह बात नागवार गुजर रही थी और टेंकर से पेट्रोल डीजल की कटिंग करने में उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही थी जिससे पिछले कुछ दिनों से कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा टैंकर में लगे सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट की जा रही थी। लगातार घटना सामने आने के बाद दो पंप कर्मियों ने दर्री पुलिस से मामले की लिखित शिकायत की है जिसपर पुलिस ने दो अलग-अलग मामले भी दर्ज किए हैं और कुल तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिला सहित आसपास के पड़ोसी जिलों के पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा दर्री स्थित गोपालपुर स्थित इंडियन ऑयल के केंद्र में सैंकड़ों की संख्या में टैंकर पहुंचते हैं जिसमें चालकों द्वारा पेट्रोल डीजल में हेरा फेरी की जाती थी और रास्ते में या फिर आसपास क्षेत्र में डीजल पेट्रोल की कटिंग की जाती थी। इसे देखते हुए पेट्रोल पंप के संचालकों द्वारा जब कभी भी उनकी टैंकर डीजल पेट्रोल लेने के लिए इंडियन ऑयल पहुंचती है तो पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा टैंकर की सुरक्षा और तय समय के भीतर टैंकर पेट्रोल पंप पहुंच सके और उसमें पेट्रोल डीजल की कटिंग ना हो इसके लिए अलग से उनके द्वारा अपने पंप कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है और टैंकर के साथ अलग से पंप कर्मी इंडियन आयल पहुंचते थे और जैसे ही उनकी टैंकर बाहर आती थी उसमें सवार होकर पंप कर्मी सीधे उस गाड़ी को इधर उधर ले जाने के बजाए सीधे टैंकर पंप पहुंचती थी और डीजल पेट्रोल की हेरा फेरी नहीं हो पाती है जो यह बात कुछ स्थानीय लोग को यह बात नागवार गुजरी क्योंकि उनके द्वारा इंडियन आयल के बाहर ही डीजल पेट्रोल की कटिंग (चोरी) नहीं कर पाते थे। यह बात उन्हें नागवार गुजर रही थी और लगातार टैंकर की सुरक्षा के लिए पहुंचने वाले पंप कर्मियों के साथ बेवजह उनके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था शुक्रवार को भी फिर से दोपहर को गोपालपुर स्थित इंडियन ऑयल के बाहर इसी तरह के मारपीट की घटनाएं सामने आई जिसके बाद पंप कर्मियों ने इसकी सूचना अपने पेट्रोल पंप के मालिक को दी। जिसके बाद पंप मालिक तत्काल मौके पर पहुंचे और एक्शन लेते हुए तत्काल इसकी शिकायत पुलिस के आला अफसर से की गई जिसके बाद दर्री पुलिस को सूचना दी गई और लिखित में शिकायत दी गई जिसके बाद दर्री पुलिस ने घरघोड़ा निवासी खीरू राम, गोमती फ्यूल और खथरीमाल निवासी टंकेश्वर राजवाड़े पिता रीखी राम ने मामले की लिखित शिकायत दर्री पुलिस से की है। दर्री पुलिस ने मारपीट के दो अलग अलग मामले दर्ज किए हैं और दर्री थाना प्रभारी तेज प्रताप यादव ने तत्काल मामले में एक्शन लेते हुए इंडियन आयल के बाहर बेवजह मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले बिलासपुर निवासी संजय कुर्रे, पवन यादव, अभिषेक सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के साथ पंजीबद्ध कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

## चेयरमैन ने रीजन टीम में अजय को दी पीआरओ की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



अजय धनोदिया पवन अग्रवाल

सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 के सत्र 26-27 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला रिपुदमन पुसरी ने अपने डिस्ट्रिक्ट की टीम में एमजेएफ ला पवन अग्रवाल को रीजन 9 के लिए रिजन चेयरमैन बनाया गया रीजन चेयरमैन बनने के बाद पवन अग्रवाल ने अपने रीजन टीम की घोषणा की। टीम में पीआरओ पद की जवाबदारी लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के संरक्षक अजय धनोंदिया को दी गई है। इसके साथ ही रीजन एडवाइजर एमजेएफ कैलाश नाथ गुप्ता, रीजन सेक्रेटरी नागेंद्र शर्मा, रीजन जीएमटी रोहित अंसारी, रीजन जीएलटी संजय अग्रवाल छाल, रीजन जीएटी राजेन्द्र तिवारी, रीजन सीएसटी अनिल अग्रवाल खरसिया, रीजन एलसीआईएफ विक्रम अग्रवाल को शामिल किया है। नियुक्ति के बाद डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन पुसरी ने रीजन चेयरमैन पवन अग्रवाल को 8 क्लबों की जवाबदेही दी गई है। नवनियुक्त रीजन चेयरमैन पवन अग्रवाल ने कहा कि रीजन- 9 के अंतर्गत आने वाले सभी 8 क्लबों को साथ लेकर समाजहित के विभिन्न सेवा प्रकल्पों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, नेत्र चिकित्सा, महिला सशक्तिकरण एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक लोगों तक सेवा का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी क्लबों से समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नवनियुक्त रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा, ׳रीजन चेयरमैन ने मुझ पर जो महती जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा सांथ ही रीजन- 9 के सभी क्लबों द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों, जनकल्याणकारी अभियानों और सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

# प्रशासनिक विभाग में कसावट लाने निगम के जोन कमिश्नरों व अधिकारियों को सौंपी नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




नगर निगम में प्रशासनिक कसावट लाने के मद्देनजर अधिकारियों के प्रभार में भारी फेरबदल किया गया है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शुक्रवार को आदेश जारी कर निगम के जोन कमिश्नरों अभियंताओं व अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं निगम के उपायुक्त द्वय नीरज कौशिक एवं पवन वर्मा को जोन कमिश्नर के दायित्व से मुक्त करते हुए विभिन्न विभागों व कार्यों का प्रभारी नियुक्त किया है।

आयुक्त श्री पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अधीक्षण अभियंता भूषण राम उरांव को प्रभारी अधिकारी जैम पोर्टल, जलप्रदाय, भण्डार, एनसीएपी, उद्यान, विद्युत, वाहन एवं भवन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार प्रभारी अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ को प्रभारी अधिकारी निर्माण, योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डीएमएफ, सीएसआर, 15वें व 16वें वित्त योजना, अमृत मिशन, प्रथम अपीलीय अधिकारी सूचना के अधिकार का दायित्व प्रदान किया गया है। नगर निगम के उपायुक्त नीरज कौशिक को प्रभारी अधिकारी भवन निर्माण अनुमति, राजस्व, एनयूएलएम, होर्डिंग्स, अतिक्रमण, सीएम हेल्पलाईन, निर्वाचन, जनगणना, संपदा, उद्यान एवं वृक्षारोपण तथा डाटा सेंटर का दायित्व सौंपा गया है, वहीं उपायुक्त पवन वर्मा को जनसूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी टेलीफोन व इंटरनेट व्यवस्था, लोकसेवा गारंटी, समाज कल्याण, खाद्य, जनदर्शन, पीएमओपीजी, टीएल, महापौर की पाती, कनेक्ट टू कमिश्नर, स्टेशनरी, सत्कार, नवीन योजनाएं, परिषद व एमआईसी से संबंधित कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। कार्यपालन अभियंता तपनयोगी तिवारी अब पं.रविशंकर शुक्ल नगर के जोन कमिश्नर होंगे, साथ ही एनयूएलएम का दायित्व भी संभालेंगे। कार्यपालन अभियंता एनके नाथ अब कोसाबाड़ी जोन के जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता अनिरूद्ध शुक्ला सर्वमंगलानगर जोन के जोन कमिश्नर बनाये गये हैं। प्रभारी कार्यपालन अभियंता एपी शुक्ला को बालको जोन के जोन कमिश्नर तथा प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील टांडे टीपी नगर जोन के जोन कमिश्नर होंगे। सहायक अभियंता सुश्री रूचि साहू को कोरबा जोन के जोन कमिश्नर का दायित्व सौंपा गया है, वहीं सहायक अभियंता एमएल बरेठ पं.रविशंकर शुक्लनगर जोन में पदस्थ किये गये हैं। प्रभारी सहायक अभियंता पीयूष राजपूत को कोसाबाड़ी जोन एवं प्रभारी सहायक अभियंता राहुल मिश्रा को जल प्रदाय, अमृत मिशन एवं एनसीएपी में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार प्रभारी सहायक अभियंता सोमनाथ डेहरे अब टीपी नगर जोन के साथ-साथ भवन निर्माण अनुमति, होर्डिंग एवं अतिक्रमण विभाग का दायित्व संभालेंगे, वहीं उप अभियंता आकाश अग्रवाल को सहायक अभियंता का प्रभार देते हुये बालको जोन, भण्डार, एमएमयू व सिटी बस से जुडे. कार्यों हेतु पदस्थ किया गया है, उप अभियंता मनीष यादव को भी सहायक अभियंता का प्रभार देते हुये कोरबा जोन, प्रधानमंत्री आवास योजना व एसबीएम का दायित्व सौंपा गया है। उप अभियंता अभय मिंज अब दर्री जोन एवं वाहन शाखा में पदस्थ होंगे, उप अभियंता विनोद गोंड़ कोरबा जोन एवं उद्यान शाखा का दायित्व संभालेंगे तथा उप अभियंता श्रीमती आशमा डहरिया पं.रविशंकर शुक्लनगर जोन में पदस्थ की गई है।

## रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामले में चार लोगों को नोटिस एवं वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। जिसके चलते खनिज माफियाओं में हडकंप मच गया है। मामला सक्ती जिले का है।

- चार लोगों को नोटिस जारी, अवैध खनिज माफियाओं में मचा हड़कंप




जब्त वाहन।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 3 जुलाई को खनिज निरीक्षक उमेश कुमार धुव एवं खनिज विभाग उड़नदस्ता दल द्वारा सक्ती नगर के आसपास के क्षेत्रों में रेत के अवैध परिवहन के दो प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए वाहनों को जप्त किया गया। जप्त वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखते हुए आरक्षित केन्द्र सक्ती में रखा गया है। वहीं ग्राम हरदी एवं पोरथा में अवैध रेत भंडारण के चार प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया गया है। उक्त प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज भंडारण नियम 2009 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सतत निगरानी एवं कार्यवाही जारी है।

### बीज सप्लाई मामले की जांच करने पहुंची राज्य की टीम

**बहेराडीह।** किसानों को बीज निगम खोखसा द्वारा सप्लाई किये जा रहें धान की बीज की जांच के लिए राज्य की टीम सिवनी गांव पहुंची, जहां किसान रामाधार व अन्य किसान को प्रदाय किये गये धान बीज को निम्न स्तर का पाया। जिसे सुधार करने के निर्देश दिया गया और किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त धान बीज प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सिवनी के प्रगतिशील किसान रामाधार देवांगन ने बताया कि जिला मुख्यालय में स्थित बीज निगम खोखसा द्वारा पिछले कई सालों से धान की बीज की सप्लाई किया जा रहा है। इस साल भी जिले के किसानों को धान की निम्न स्तर का बीज ही सप्लाई किया गया है। इससे नाराज किसान रामाधार देवांगन ने किसानों की इस समस्या से मिडिया को अवगत कराया। मिडिया ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद राज्य की टीम शुक्रवार 3 जुलाई को दोपहर सिवनी स्थित कृषक रामाधार देवांगन के घर पहुंची और बीज निगम से किसान द्वारा खरीदी गई धान की बीज को अमानक पाया गया, जिसे तत्काल सुधार करने और किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त धान की बीज सप्लाई का निर्देश दिया।

# अंकित बने कोरबा ब्लॉक महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन विस्तार के तहत गठित शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में अंकित वर्मा को महामंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के उपरांत अंकित वर्मा ने प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से सौजन्य भेंटकर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विकास सिंह भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का गठन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत तथा पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अनुमोदन से किया गया है। महामंत्री नियुक्त होने पर अंकित वर्मा ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे।

# खनिज विभाग ने एक जेसीबी, तीन टीपर सहित कुल 9 गाड़ियों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गठित खनिज उड़नदस्ता दल ने जिले के संदिग्ध स्थान भैसामुडा, कटबिटला, कुदमुरमाल, सोनपुरी, सीतामणी, बरमपुर, राताखार, पाली, ढुकुपथरा, बाल्को, कसनिया, कटघोरा, उरगा, पताढ़ी सहित अन्य जगहों पर छापा मारकर सघन जांच की। जिस दौरान रेत का अवैध परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 4 ट्रेक्टर, 2 टीपर, 1 जेसीबी, लाल ईट का अवैध परिवहन करते हुए 1 टीपर व निम्न श्रेणी चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए 1 हाईवा को राताखार, पाली, पताढ़ी, हरदीबाजार, जेंजरा से जप्त कर कर थाना पाली, थाना सिविल लाईन रामपुर, थाना हरदीबाजार, खनिज जांच नाका उरगा, खनिज जाच नाका कटघोरा की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रतिबंध सुनिश्चित करना, अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। नियमों का उल्लघंन करने, अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खान और खनिज अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## खेल भावना व फीटनेस को बढ़ावा देने किया गया आयोजन

# डॉक्टर्स डे पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि।

डॉक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन कोरबा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में एमपी नगर स्थित मनोरंजन गृह में खेल महोत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. यू.एस. जायसवाल तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। आयोजन का उद्देश्य चिकित्सकों के बीच आपसी समन्वय, खेल भावना और फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

प्रतिभागियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए यह संदेश दिया कि व्यस्त पेशेवर जीवन के बीच भी नियमित व्यायाम और खेलकूद को अपनाना आवश्यक है। इस अवसर पर आईएमए कोरबा के अध्यक्ष डॉ. एस. चंदानी एवं सचिव डॉ. अजय स्वर्णकार ने कहा कि चिकित्सक समाज को स्वस्थ रखने का कार्य करते हैं, इसलिए उनका स्वयं शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की अपील की। वहीं आईडीए कोरबा के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य केवल बीमारियों का उपचार नहीं, बल्कि बेहतर जीवनशैली का परिणाम है। खेलकूद व्यक्ति को शारीरिक रूप से फिट रखने के साथ मानसिक तनाव को भी कम करता है। ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी चिकित्सकों ने स्वस्थ डॉक्टर, स्वस्थ समाज का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# पहली बारिश में ही गेवरा खदान में भरा पानी, कर्मियो की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की सबसे बड़ी कोयला खदानों में शामिल गेवरा खदान से एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। मानसून की शुरुआती बारिश ने ही खदान परिसर को पानी और कीचड़ के दलदल में बदल दिया है। खदान में करोड़ों रुपये की भारी मशीनें और डंपर कीचड़ में फंसे दिखाई दे रहे हैं। ऐसे हालात में काम कर रहे मजदूरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ज्ञात हो कि खदान में कार्यरत पीएनसी कंपनी ने बारिश से पहले पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की। नतीजा यह है कि खदान के रास्ते जलमग्न हो चुके हैं, दृश्यता बेहद कम है और दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। पानी भरने से कोयला परिवहन भी प्रभावित हो रहा है, जिससे उत्पादन और राजस्व पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं खदान में काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि हर साल करोड़ों का कारोबार करने वाली कंपनी बारिश से निपटने की बुनियादी तैयारी तक नहीं कर पाई। हालांकि पीएनसी कंपनी या संबंधित अधिकारियों की ओर से इन आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता से मारपीट करने वाले चारों आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

**कोरबा।** पुराने विवाद को लेकर भाजपा नेता की कार को रोककर उसकी कार में जमकर तोड़फोड़ की गई और उसकी बेरहमी से पिटाई कर सोने की चेन, 60 हजार रुपए नगदी लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में शुक्रवार को मारपीट करने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और चारों आरोपियों का जुलूस भी निकाला है। उल्लेखनीय है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुलसीडीह निवासी कपिलेश्वर धीरज 39 वर्ष पिता राम प्रसाद धीरज भाजपा किसान मोर्चा मंडल मंत्री के पद पर पदस्थ है उनके द्वारा ग्राम भुलसीडीह में पोल्ट्री फार्म का भी संचालन किया जाता है। बताया जाता है कि एक जुलाई को रात लगभग 10 बजे भुलसीडीह स्थित अपने पोल्ट्री फार्म से कपिलेश्वर धीरज अपनी कार क्रमांक सीजी 12 बीएफ 9233 में सवार होकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में लक्ष्मी खांडे, अरुण खान्डे संदीप खांडे, गंगाराम रात्रे सहित अन्य लोगों ने उनका रास्ता रोककर मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। शुक्रवार को पुलिस ने लूटपाट को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जुलूस निकाला है।

### आकाशीय बिजली का कहर, खेत में काम कर रहे पिता की मौत, पुत्र बचा बाल बचा

**कोरबा।** जिले के उरगा थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक 76 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका पुत्र बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमान निवासी मनीराम पटेल अपने पुत्र धनेश्वर पटेल के साथ मंगलवार की शाम करीब 4 बजे अपने खेत पर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला, तेज बारिश शुरू हुई और गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से मनीराम पटेल व उसका पुत्र धनेश्वर पटेल गश खाकर गिर गये। कुछ देर बाद धनेश्वर होश में आ गया लेकिन उसका पिता मनीराम पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया था परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मनीराम पटेल को मृत घोषित कर दिया।

### कटघोरा में लगातार हो रही है बिजली की आंख मिचौली, लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

**कटघोरा।** कटघोरा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोग लगातार बिजली की आंख मिचौली से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। बार बार बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कटघोरा नगर सहित आसपास के गांवों में पिछले कई दिनों से बिजली की आंख-मिचौली लगातार जारी है। हालात यह हैं कि दिन हो या रात, किसी भी समय घंटों बिजली गुल हो जाती है। बिजली कब आएगी और कब चली जाएगी, इसका कोई निश्चित समय नहीं है। इस अव्यवस्था के कारण लोग भीषण गर्मी और उमस में बेहाल हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्ग, मरीज और कामकाजी लोग सबसे अधिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। स्थिति को और गंभीर बनाने वाली बात यह है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाय फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझते। इतना ही नहीं, विभाग के शिकायत केंद्र (कंप्लेंट नंबर) पर भी कॉल करने पर कोई जवाब नहीं मिलता। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि बिजली कटौती किसी तकनीकी कारण से हो रही है, तो कम से कम विभाग को इसकी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए और बिजली बहाली का समय बताना चाहिए। लेकिन विभाग की चुप्पी और लापरवाही लोगों के गुस्से को और भड़का रही है। बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह मौन बने हुए हैं।

### शाउमावि अजगरबहार में मना शाला प्रवेशोत्सव

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार में नवीन शिक्षा सत्र 2026–27 के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करना, शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा विद्यालय से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के संबंध में मानसिंह राठिया ने बताया कि सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल्यचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर व छात्राओं द्वारा शारद वंदना स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण सिंह सरपंच ग्राम पंचायत अजगरबहार, अध्यक्षता अमरसिंह कंवर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में लवभूषण प्रताप सिंह सदस्य शाला प्रबंधन एवं विकास समिति उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती अनुपमा राजवाड़े प्राचार्य ने विद्यार्थियों एवं पालकों को शासन की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, छात्रवृत्ति, सरस्वती सायकल योजना तथा अन्य सुविधाओं के बारे जानकारी दी।

## सीएसईबी चौक के समीप सुबह 12 बजे हुई घटना

# नो एंट्री में घुसा ट्रक ने एक्टिवा को मारी टक्कर मौत, प्रधान आरक्षक व आरक्षक निलंबित

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी के सामने शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने नो एंट्री में गाड़ी घुसा दी और सीधे एक्टिवा सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सीएसईबी चौक में लापरवाही बरतने वाले यातायात में पदस्थ प्रधान आरक्षक व आरक्षक को एसपी ने निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएस 2996 जो नो-एंट्री के दौरान बुधवारी से सीएसईबी चौक होते हुए शहर में प्रवेश कर रहा था के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चौक के पास स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एएक्स 0386 को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खरमोरा निवासी व्यास नारायण राठौर पिता नत्थूराम राठौर के रुप में की गई। हादसे के होते ही मौके पर



घटना स्थल पर जुटी भीड़।



दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी।

लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के समय सीएसईबी चौकी में प्रधान आरक्षक शंखधर जायसवाल, व आरक्षक टंकेश्वर पटेल की ड्यूटी थी।इस दौरान उनके द्वारा लापरवाही बरती गई। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नो एंट्री में ट्रक घुसने के कारण घोर लापरवाही मानते हुए पुलिस प्रधान आरक्षक शंखधर व आरक्षक टंकेश्वर पटेल को निलंबित कर दिया है।

### इमलीडुग्गू बाईपास मार्ग पर नाले में गिरी हाइवा

इमलीडुग्गू बाईपास मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार हाइवा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब 20 फीट गहरे नाले में जा गिरा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन चलाते समय चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार हाइवा सड़क से उतरते हुए सीधे नाले में जा गिरा। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि इस घटना में चालक परिचालक बाल बाल बच गये।



# जेबीसीसीआई-12 के गठन में देरी पर दीपका में गरजे कोयला कामगार



विरोध प्रदर्शन करते केएमएस के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेबीसीसीआई-12 के गठन में हो रही देरी के विरोध में दीपका क्षेत्र में कोयला मजदूर सभा ने जोरदार प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द जेबीसीसीआई-12 का गठन सुनिश्चित कराने की मांग उठाई।

**खास बातें**
- कोयला मजदूर सभा ने प्रदर्शन कर महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन
- जल्द गठन नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान श्रमिक नेताओं ने कहा कि वेतन समझौते और कोयला कामगारों के हितों से जुड़े इस महत्वपूर्ण बोर्ड के गठन में लगातार हो रही देरी से मजदूरों में भारी नाराजगी है। उनका कहना था कि प्रबंधन का ढुलमुल रवैया अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक तथा उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में केंद्रीय सचिव एवं जेसीसी सदस्य गिरिजा साहू, जेसीसी सदस्य विजय, क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य मदन और लोकपाल, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य जगदीश सिंह और नंद कुमार राठौर, आवास आबंटन समिति सदस्य धनसिंह और दिनेश्वर साहू मौजूद रहे। गेवरा क्षेत्र से जेसीसी सदस्य शिव कुमार, राजेश सिंह, क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य टूकेश साहू, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य आर.एस. तिवारी और छतराम साहू, भगवान दास कुलदीप सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। कोयला मजदूर सभा के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कोयला कामगारों ने एकजुट होकर कहा कि जेबीसीसीआई-12 का गठन होने तक उनका लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

# सराफा कारोबारी से लूट के आरोपियों की सूचना देने वालों को मिलेगा ईनाम



लाल घेरे में आरोपी।



आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरी स्थित राज ज्वेलर्स में लूटपाट करने वाले आरोपियों का सुराग बताने वाले को पुलिस 10 हजार रुपए नगद ईनाम देगी साथ ही आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर के नेतृत्व में 16 अधिकारी कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की गई है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले कटघोरा थाना क्षेत्र में राज ज्वेलर्स में लूटपाट की घटना सामने आयी थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छुरीकला में राज ज्वेलर्स हुई लूट की कोशिश के मामले में फरार अज्ञात आरोपियों की तस्वीर जारी की है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सही सूचना देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसके अलावा आरोपियों के धरपकड़ के लिए नितिश ठाकुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है जिसमें कटघोरा थाना प्रभारी एमबी पटेल, निरीक्षक धरमनारायण तिवारी, उपनिरीक्षक नकुल झरिया, दीपक कुमार, सउनि रामपांडेय, प्रआर अनुज सिंह, गुनाराम सिन्हा, आरक्षक डेमन ओग्रे, सुनील राजपूत, सुशील यादव, श्याम सिदार, अजय खुटले, पुष्पेंद्रकुर्रे, रविंद्र चौबे, संजीव सिंह, आलोक टोप्पो को टीम में शामिल किया गया है।

### सीसीटीवी फुटेज से मिली तस्वीरें

घटना के बाद से ही तीनों नकाबपोश आरोपी फरार हैं। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने घटना स्थल और आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिससे आरोपियों की तस्वीरें सामने आई हैं, जिन्हें अब सार्वजनिक किया गया है।

# पसरखेत में निकला किंग कोबरा, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के शुरु होते ही विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु एवं सरीसृप आसपास के घरों तथा जंगलों से निकलते हुए दिखाई देना सामान्य बात है। कोरबा वन मंडल अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। इसी कड़ी में कोरबा वन मंडल के वन परिक्षेत्र पसरखेत अंतर्गत कोरबा–हाटी मुख्य मार्ग के किनारे बहने वाले नाले के समीप स्थित झाड़ियों के पास एक विशालकाय किंग कोबरा सड़क पार करता हुआ दिखाई दिया। उसे देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और इस मार्ग से आवागमन कुछ समय के लिए थम सा गया। स्थानीय लोगों ने किंग



कोबरा की सूचना वनमंडल अधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव को अवगत कराया। उनके निर्देश पर उपवन मंडलाधिकारी सूर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। अविनाश यादव अपनी टीम के साथ पहुंचे और किंग कोबरा का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

# सघन मोटर साइकिल एवं पैदल पेट्रोलिंग कर संदिग्धों व वाहनों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना कोतवाली एवं चौकी मानिकपुर पुलिस द्वारा नगर निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौक-चौराहों एवं बस्तियों में सघन मोटर साइकिल एवं पैदल पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान पुराने बस स्टैंड, सीतामणी चौक, मोतीसागरपारा, पावर हाउस रोड, राताखार चौक, सर्वमंगला, फोकटपारा, पानी टंकी मोहल्ला, शुभम ब्लॉक, मुड़ापार, रविशंकर नगर, अमरेया पारा सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली एवं चौकी मानिकपुर क्षेत्र में निवासरत 11 गुंडा बदमाशों के घर पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया तथा उन्हें शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने, किसी भी प्रकार के अपराध में शामिल नहीं होने एवं कानून का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। उन्हें स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



गश्त करती पुलिस टीम।

### बैंक कैश वैन चालकों एवं सुरक्षा गार्डों की दी गई समझाइश



सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत आमजन एवं विभिन्न संस्थानों को सुरक्षा के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के विभिन्न बैंकों के कैश वैन चालकों एवं सुरक्षा गार्डों की मीटिंग लेकर उन्हें समझाइश दी गई तथा कैश परिवहन के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। श्री पटले ने बताया कि बैंक कैश वैन की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। कैश परिवहन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीर घटना का कारण बन सकती है। इसलिए सभी चालक एवं सुरक्षा गार्ड पूर्ण सतर्कता, जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

### शपथ पत्र

मैं उषा उम्र 46 वर्ष पति श्री कैलाश निवासी ग्राम कटघोरा, वॉर्ड नंबर 02, संजय नगर, तहसील भांठा, कटघोरा, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) की निवासी हूं। जो कि निम्न लिखित कथन शपथ पूर्वक बयान करती हूं :-

01. यह कि, मैं उक्त पते पर निवास करती हूं तथा मेरा आधार नं. 3455 6297 9705 हैं।

02. यह कि, मेरे नाम से बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कटघोरा में संचालित है। जिसका खाता कमांक 49690100013074 है जिसमें मेरा नाम उक्त बैंक खाता में उषा बाई जायसवाल पति कैलाश प्रसाद जायसवाल त्रुटिवश दर्ज हो गया है।

03. यह कि, मेरे उक्त बैंक खाता में उषा बाई जायसवाल के स्थान पर मेरे आधार कॉर्ड व पेन कॉर्ड के अनुसार मेरा सही नाम उषा पति कैलाश दर्ज कर लिखा एवं पढ़ा जावें जिसमें मेरा नाम उषा पति कैलाश नाम लिखा है जो कि सत्य एवं सही है।

04. यह कि उषा व उषा बाई जायसवाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरा ही नाम) है। इसमें कोई तथ्य नहीं छुपाया गया है किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति कि जाती है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी होगी। जिसके प्रमाण स्वारूप इस शपथ पत्र का निष्पादन कर रही हूं जिसे संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना है। अस्तु यह शपथ पत्र सादर सम्प्रेषित हैं।

**शपथकर्ती**
**उषा**

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकेश्वर पिता स्व. छत्रपाल सिंह निवासी सलोरा (ख) तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग) द्वारा अपने पुत्री आशा पिता रामकेश्वर की जन्म दिनांक 17/09/2012 स्थान सलोरा (ख) तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) में घर में जन्म होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 17/07/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ0ग0)

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202606050600098
श्रेणी-अ-6 वर्ष 2025-26
ग्राम- कोरबा, प.ह.न.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका साधना केंवट पति स्व. सियाराम केवट, जाति-केंवट, निवासी रानी रोड कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम कोरबा प०ह०नं० 16 रा.नि.मं. कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा में स्थित भूमि ख0नं0 163/1क/9 रकबा 0.05/0.020 एकड़ / हेक्टे. भूमि राजस्व अभिलेखों में लखन लाल, सीमा, बीना, शकुन, छोटे लाल, पिता फूलसाय, राजेश्वरी, सिया राम केवट के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के द्वारा उक्त वर्णित भूमि में सहखातेदार सियाराम केंवट वल्द फूलसाय की मृत्यु दिनांक 02/01/2025 को हो जाने के फलस्वरूप उक्त भूमि को मृत सहखातेदार के विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने बाबत छ.ग.भू.रा. संहिता 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 17/07/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोर्ड विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ०ग०)

**//ईश्तहार//**

रा.मा.क्र. 202607052600001
अ-6 वर्ष 2025-26
ग्राम कटबितला प.ह.नं. 28

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतकुमार उम्र 58 वर्ष वल्द स्व. डमरू. जाति कुर्मी पेशा काश्तहारी निवासी एवं काश्तकार कटबितला तहसील व जिला कोरबा (छ०ग०) की ओर से श्री रामचन्द्र राजवाडे, अधिवक्ता इस आशय का आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम कटबितला प.ह.नं. 28 स्थित भूमि खसरा नं. 54/1, 68/2, 73/5, 66/5, 97/1, 97/2, 98 रु3, 141/2, 128/3, 562/1ग, 211/1, 212/1, 115, 146/2, 178/2, 203/3, 263/2, 422/1, 436/1, 440/2, 464/1, 520/1, 523/1, 566/12, 566/25, 611, 617/2, 613, 615, 617/1, 614/1, 618/1, 632/2, 635/8, 682/5, 682/10, 70/3, 96, 203/5, 210/1, 374, 425/3, 431/2, 486, 488/1, 566/28, 607/2, 612/2612/3, 612/5, 616, 617/3, 612/4, 401, 209/4 कुल खसरा नं. 52 का कुल रकबा 6.653 हे. भूमि खातेदार चमरू पिता स्व. तिलकराम के नाम पर दर्ज है। हक स्वामित्व अपने वसीयत लेख्यग्रहिता द्वारा आवेदक के नाम पर जीवन काल में दिनांक 19.08.2011 को उप पंजीयक कार्यालय कोरबा में निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता स्व० चमरू का मृत्यु दिनांक 22.11.2025 को हुआ है। अतएव वसीयत की गई भूमि को आवेदक/वसीयतग्रहिता के नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत छ०ग०भू०रा०संहिता की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का वसीयतनामा के आधार आवेदक के नाम पर नामांतरण किया जाता है तो जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 10/07/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## आने वाले दिनों में बारिश से और बढ़ेगा जल स्तर

# कैचमेंट इलाके में होने लगी बारिश, 24 घंटे में बांगो बांध का वाटर लेवल बढ़ा 25 सेंटीमीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बांगो बांध।

पिछले दो दिनों से जिले और आसपास के पड़ोसी जिलों में लगातार हो रही बारिश से बांगो बांध का जलस्तर अब बढ़ना शुरु हो गया है जो जल संसाधन विभाग के लिए अच्छी खबर है। पिछले 24 घंटे में बांध का वाटर लेवल 25 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। लगातार आवक को देखते हुए विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी दूर पहाड़ियों के बीच में बांगो बांध बनाया गया है। बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में पिछले दो दिनों से बारिश हो रही है। जिससे बांध का वाटर लेवल अब बढ़ना शुरु हो गया है। शुक्रवार को बांध का वाटर लेवल 351.60 मीटर पहुंच गया है। जल संसाधन के मुताबिक गुरुवार को बांध का वाटर लेवल 351.35 मीटर था जो 24 चौबिस घंटे में बांध का वाटर लेवल 25 सेंटीमीटर बढ़ा है। बारिश के शुरुआत के साथ ही वाटर लेवल अब बढ़ना शुरु हो गया है। जो जल संसाधन विभाग के लिए अच्छी खबर है जैसे जैसे बारिश तेज होगी वैसे वैसे बांध में पानी आने की रफ्तार तेज होगी। शुक्रवार को बांगो बांध में बने हाईडल प्लांट को 1 घंटे 45 मिनट संचालित किया गया था जिससे 306 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया गया था। बांगो बांध में तेजी से पानी आता है तो खरीफ सीजन के लिए किसानों के चेहरे खिल गए हैं। बांगो बांध से कोरबा, जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले के हजारों किसानों के खेतों की प्यास बुझेगी। यदि बांगो बांध का वाटर लेवल तेजी से बढ़ता है तो आने वाले दिनों में बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और किसानों को नहर से पानी दिया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780







